रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-121/2022/1296/22-2-2022-17(480)/2021

लखनऊ: दिनांक: 14 अगस्त, 2022

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय कारागार, नैनी, प्रयागराज में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी सहाबुद्दीन (बन्दी संख्या-290/2019) पुत्र श्री आजम, जो-असरफपुर, थाना-पीपरपुर, जनपद-अमेठी का निवासी है, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-219/1981 में भा0द0वि0 की धारा-148, 302/149 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, सुल्तानपुर के आदेश दिनांक 20.03.1982 द्वारा आजीवन कारावास से दंण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश दिनांक 12.04.2018 द्वारा सजा को यथावत रखा गया, बंदी द्वारा दिनांक 03.09.2021 तक 03 वर्ष, 06 माह, 10 दिन की अपरिहार सजा 04 वर्ष, 02 माह, 18 दिन की सपरिहार भोगी गयी सजा एवं संतोषजनक जेल आचरण तथा दयायाचिका समिति द्वारा बंदी की 80 वर्ष आयु, संतोषजनक जेल आचरण तथा पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर एवं जिला मजिस्ट्रेट, अमेठी द्वारा समयपूर्व रिहाई का विरोध किए जाने का कोई ठोस एवं तथ्यात्मक आधार अंकित नहीं किए जाने के दृष्टिगत, शेष सजा का परिहार करते है तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बंदी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला मजिस्ट्रेट, अमेठी के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

कृष्ण कुमार सिंह
उप सचिव।

संख्या-121/2022/1296(1)/22-2-2022 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0।
2- जिला मजिस्ट्रेट, अमेठी ।
3- पुलिस अधीक्षक अमेठी ।
4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, नैनी, प्रयागराज ।
5- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री(स्वतन्त्र प्रभार), कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
6- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
7- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
कृष्ण कुमार सिंह
उप सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in